संकट के साथी को हनुमान कहते हैं | by Jai Shankar Chaudhary

दुनिया के मालिक को भगवान कहते हैं
संकट के साथी को हनुमान कहते हैं

जब रिश्तेदार तुमसे मुखड़ा छुपाये
हनुमान तेरा साथ निभाए
जब दुनियावाले दे ना सहारा
हनुमान पकडे दामन तुम्हारा
पढ़ लो सारे वेद और पुराण कहते हैं
संकट के साथी को हनुमान कहते हैं

जो काम इसके वश में नहीं है
एक काम हमको ऐसा बता दो
हनुमान खुश हो जाएंगे तुमसे
बस इसको थोड़ा सिन्दूर लगा दो
दुनिया के सारे इंसान कहते हैं
संकट के साथी को हनुमान कहते हैं

दिल से जो इसकी भक्ति करेगा
हनुमान उसका साथी बनेगा
बनवारी जो भी शरण में रहेगा
ये उसका बेडा पार करेगा
इसके बारे में श्री राम कहते हैं
संकट के साथी को हनुमान कहते हैं

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b8%e0%a4%82%e0%a4%95%e0%a4%9f-%e0%a4%95%e0%a5%87-%e0%a4%b8%e0%a4%be%e0%a4%a5%e0%a5%80-%e0%a4%95%e0%a5%8b-%e0%a4%b9%e0%a4%a8%e0%a5%81%e0%a4%ae%e0%a4%be%e0%a4%a8-%e0%a4%95%e0%a4%b9%e0%a4%a4/